न्यूज़लेटर

1 नवंबर, 2026





वोट बचाओ देश बचाओ

1 नवंबर को रामलीला मैदान में INDIA गठबंधन की "चलो दिल्ली" रैली में लाखों लोग जुटे। राहुल गांधी ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक पार्टी की नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है। जनता के वोट के अधिकार को खत्म करने के लिए नरेंद्र मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव चुराया गया था। उन्होंने 'वोट चोरी' को "अत्यंत दुर्लभ" अपराध बताते हुए कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों को कानून का सामना करना होगा।

ज़मीन से आया संदेश साफ़ है: ज्ञानेश कुमार को जाना होगा, और जनता के वोट की रक्षा होगी।

रैली यहां देखें



वोट चोरी के खिलाफ सत्याग्रह



ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जन महाभियोग

राहुल गांधी ने INDIA गठबंधन के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लाए गए जन महाभियोग का नेतृत्व किया। विपक्षी नेताओं, नागरिक समाज, कार्यकर्ताओं और प्रभावित नागरिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हर 7 में से 1 मतदाता का नाम काटे जाने से साबित होता है कि 2024 लोकसभा का चुनाव चोरी हुआ था। उन्होंने ज्ञानेश कुमार के 'देशद्रोही' बताते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

जन महाभियोग यहां देखें।



युवाओं की आवाज़- हिंदुस्तान की आवाज़ है

राहुल गांधी ने वोट चोरी के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन में पुलिस की बर्बरता झेलने वाले युवाओं से मुलाकात की। उन्होंने युवाओं की आवाज़ को हिंदुस्तान की आवाज़ बताते हुए नरेंद्र मोदी और अमित शाह को इसके सामने न खड़े होने की चेतावनी दी। साथ ही, महिला प्रदर्शनकारियों से बदसलूकी पर FIR और पुलिस हिंसा की रिकॉर्डिंग की अपील की।

मीडिया से बातचीत यहां देखें।



वोट चोरी पर जनसुनवाई

दिल्ली के त्रिलोकपुरी में जनसुनवाई के दौरान राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट से गलत तरीके से हटाए गए लोगों की बातें सुनी। चार बूथों के ऑडिट में ऐसे 416 मामले सामने आए। उन्होंने कहा कि 'वोट चोरी' का काम ऊपर से किया जा रहा है, ताकि एक ऐसा भारत बनाया जा सके जहां गरीबों के पास कोई अधिकार न हों। उन्होंने हर बूथ का ऑडिट कराने की मांग की।

जनसुनवाई यहां देखें

झलकियां

अंकिता भंडारी की हत्या के दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे उनके माता-पिता के साथ खड़ा हुआ।।





मडगांव में गोय राखूं यात्रा में शामिल होकर गोवा की ज़मीन, पहचान और विरासत को बचाने की आवाज़ उठाई।



पत्रकार शाहीन और नफ़ीसा से मुलाकात की, जिनके साथ साकेत पुलिस स्टेशन में पुलिस द्वारा मारपीट की गई थी।



शिक्षक भर्ती के पदों में वृद्धि की मांग को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा।



चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय से उनके आवास पर मुलाकात की।



चेन्नई में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान, छात्रों को आलोचनात्मक तरीके से सोचने और सत्ता से सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित किया।



NSUI, IYC और सेवा दल के नेताओं के साथ बातचीत की।

न्यूज़लेटर को **सब्सक्राइब** करने के लिए यहां क्लिक करें